मेरे मन मंदिर में ध्यान तुम्हारा मेरे गुरुवर

मेरे मन मंदिर में ध्यान तुम्हारा मेरे गुरुवर
मेरे मन मंदिर में ध्यान तुम्हारा मेरे गुरुवर

1) मन मंदिर में बसने वाले
ध्यान हमारा रखने वाले
तन मन धन हम तुझपे वारें मेरे गुरुवर......
मेरे मन मंदिर में ध्यान तुम्हारा.......

2) सागर जैसे तुम गहरे हो
सदा स्वयं में तुम ठहरे हो
भक्ती मुक्ती शक्ती दाता मेरे गुरुवर.............
मेरे मन मंदिर में ध्यान तुम्हारा.........

3) सबकी बिगड़ी बनाने वाले
सबकी झोली भरने वाले
हमें मिले भगवान हमारे मेरे गुरुवर....
मेरे मन मंदिर में ध्यान तुम्हारा..........

4) पीड़ा सबकी हरने वाले
सबक मंगल करने वाले
तुम सम ना कोई और है दूजा मेरे गुरुवर..............
मेरे मन मंदिर में ध्यान तुम्हारा...........

5) तुम्हीं राम हो कृष्ण तुम्हीं हो
भक्तों के सर्वस्व तुम्हीं हो
सब भक्तों के तुम रखवाले मेरे गुरुवर..........
मेरे मन मंदिर में ध्यान तुम्हारा............